# बॉक्सिंग में जीते स्वर्ण और रजत

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

भुवनेश्वर में हुई खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेल-2020 के मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेवाड़ विश्वविद्यालय की अंजली ने 64-69 किलोग्राम वजन में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की अमृत को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं 48-51 किग्रा वजन ग्रुप में मेवाड़ विश्वविद्यालय की सोनिया ने रजक पदक जीता। टीम के साथ गए मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा तथा मनोविज्ञान संकाय के अधिष्ठाता एवं भारतीय खेल संघ के मुख्य अभियान अधिकारी प्रो. अमरेश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के युवा मामलों तथा खेल मंत्रालय के तत्वावधान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेल-2020 का आयोजन पहली बार किया गया।

टीम के साथ स्पोर्ट्स फिजियोथैरेपिस्ट नीतू और कोच प्रमोद गए हैं। इस उपलब्धि के लिए मेवाड़ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष तथा कुलाधिपति डॉ. अशोक गदिया, मेवाड़ शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष गोविंद गदिया ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। मेवाड़ विश्वविद्यालय को ओवरऑल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।




CS Scanned with CamScanner

# मेवाड़ विश्वविद्यालय की छात्राओं ने जीता स्वर्ण और रजत पदक




गंगरार, 2 मार्च (जसं.) । भुवनेश्वर में आयोजित खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी खेल 2020 के मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में मेवाड़ विश्वविद्यालय की अंजली ने 64-69 किलोग्राम वजन में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की अमृत को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया, वहीं 48-51 किग्रा वजन ग्रुप की प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय की सोनिया को कड़े मुकाबले के बाद रजक पद पर ही संतोष करना पड़ा।

इस टीम के साथ गए मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा तथा मनोविज्ञान संकाय के अधिष्ठाता एवं शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद विभाग के निर्देश एवं भारतीय खेल संघ के मुख्य अभियान अधिकारी के रूप में नियुक्त प्रो. (डॉ.) अमरेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के युवा मामलों तथा खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित खेलों इण्डिया यूनिवर्सिटी खेल 2020 का पहली बार आयोजन किया गया। टीम के साथ स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट और विश्वविद्यालय मैनेजर के रूप में सहायक प्राध्यापक (स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपी) नीतू और कोच के रूप में प्रमोद ने दोनों मुक्केबाजों को सहयोग देते हुए प्रोत्साहित किया। डॉ. अमरेश कुमार के अनुसार मेवाड़ विश्वविद्यालय राजस्थान राज्य का एक मात्र निजी विश्वविद्यालय है, जिसने इस प्रथम खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी खेल 2020 में कोई पदक जीता है। इस उपलब्धि के लिए मेवाड़ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष तथा कुलाधिपति डॉ. अशोक गदिया, मेवाड़ शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष गोविन्द गदिया ने दोनों खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मेवाड़ विश्वविद्यालय को ओवर ऑल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

Jansatta: 03-03-2020

Scanned with CamScanner

# मेवाड़ विवि की छात्राओं ने जीता स्वर्ण व रजत पदक

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। भुवनेश्वर में आयोजित खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी खेल के मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में मेवाड़ विश्वविद्यालय की अंजली ने 64-69 किलोग्राम वजन में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की अमृत को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया, वहीं 48-51 किग्रा वजन ग्रुप की प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय की सोनिया को कड़े टक्क र के बाद रजक पद पर ही संतोष करना पड़ा। इस उपलब्धि के लिए मेवाड़ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष तथा कुलाधिपति डॉ. अशोक गदिया, मेवाड़ शिक्षा संस्थान अध्यक्ष गोविन्द गदिया ने दोनों खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

प्रातःकाल Tue, 03 Marc
epaper.prat

# मुक्केबाजी में दिखाया दम, जीते स्वर्ण एवं रजत पदक

**चित्तौड़गढ़ @ पत्रिका.** भुवनेश्वर में आयोजित खेलों इण्डिया युनिवरसिटी खेल 2020 के मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेवाड़ विश्वविद्यालय की अंजलि ने 64-69 किलोग्राम वजन में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की अमृता को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया, वहीं 48-51 किग्रा वजन ग्रुप की प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय की सोनिया को कड़े टक्कर के बाद रजक पद पर ही संतोष करना पड़ा। इस टीम के साथ गए मेवाड़ विश्वविद्यालय के शिक्षा तथा मनोविज्ञापन संकाय के अधिष्ठाता एवं शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद विभाग के निर्देश एवं भारतीय खेल संघ के मुख्य अभियान अधिकारी के रूप में नियुक्त प्रो. अमरेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के युवा मामलों तथा खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित खेलों इण्डिया युनिवरसिटी खेल 2020 का पहली




बार आयोजन किया गया। अमरेश कुमार के अनुसार मेवाड़ विश्वविद्यालय राजस्थान राज्य का एक मात्र निजी विश्वविद्यालय हैं जिसने इस प्रथम खेलो इण्डिया युनिवरसिटी खेल 2020 में कोई पदक जीता। इस उपलब्धि पर कुलाधिपति अशोक गदिया, मेवाड़ शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष गोविन्द गदिया ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। विश्वविद्यालय को ओवर आल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

पत्रिका Tue, 03 March 2020
epaper.patrika.com/c/4959150